फाइल सं. पी-11015/1/2021-पीपीसी
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली, 20 दिसंबर, 2021

विषय: नवंबर, 2021 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल हेतु सार (संख्या-11)।

नवंबर, 2021 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों/ कार्यक्रमों की रूपरेखा नीचे दी गई है:-

1. फिल्म समारोह निदेशालय (डीएफएफ), सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 20-28 नवंबर, 2021 तक पणजी, गोवा में **भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई) के 52वें संस्करण** का आयोजन किया गया। माननीय राज्यपाल गोवा, माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, माननीय मुख्यमंत्री गोवा, माननीय पर्यटन राज्य मंत्री और माननीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति ने **उद्घाटन समारोह** की शोभा बढ़ाई। समारोह की मेजबानी फिल्म निर्माता श्री करण जौहर, एंकर एवं अभिनेता श्री मनीष पॉल द्वारा संयुक्त रूप से की गई, सुपरस्टार श्री सलमान खान, श्री रणवीर सिंह, सुश्री श्रद्धा कपूर, श्री रितेश देशमुख और सुश्री जेनेलिया देशमुख की प्रस्तुति; और अन्य के साथ श्री सिद्धार्थ आनंद, सुश्री हेमा मालिनी, श्री मंधुर भडांरकर और श्री रवि कोटराकारा प्रख्यात फिल्मी हस्तियों की शोभायमान उपस्थिति देखी गई। माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, माननीय मुख्यमंत्री गोवा और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रख्यात अभिनेत्री सुश्री माधुरी दीक्षित ने **समापन समारोह** की शोभा बढ़ाई। वरिष्ठ अभिनेता, निर्माता और निर्देशक श्री रणधीर कपूर और अभिनेता श्री मनोज वाजपेयी को समापन समारोह में पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में श्री सुखविंदर सिहं और श्री बी.पराक तथा अन्यों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

1.1 आईएफएफआई का 52वां संस्करण एक हाइब्रिड फिल्म समारोह था जिसमें भौतिक और वर्चुअल दोनों पहलु थे और समारोह के दौरान कोविड-19 के सभी प्रोटोकॉल का पालन किया गया। विश्वभर से पहली बार अब तक की सबसे अधिक फिल्में ऑनलाइन प्राप्त की गई। 52वें आईएफएफआई में हाइब्रिड तरीके से विश्व भर के 73 देशों से 148 विदेशी फिल्मों सहित 300 से अधिक फिल्म प्रदर्शित की गई और 10,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। 52वें आईएफएफआई में 12 वर्ल्ड प्रीमियर, 36 एशिया प्रीमियर, 64 इंडिया प्रीमियर और 7 इंटरनेशनल प्रीमियर हुए थे। 52वें आईएफएफआई में सिने प्रेमियों और उत्साही लोगों के लिए श्रद्धांजलि, निष्ठाभाव एवं पूर्वव्यापी और विशेष रूप से प्रदर्शित मास्टर क्लास के माध्यम से भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा के दिग्गजों पर प्रकाश डाला गया।

1.2 प्रसिद्ध हॉलीवुड फिल्म निर्देशक ***श्री मार्टिन स्कॉर्सेस*** और हंगेरियन फिल्म निर्देशक ***श्री इस्तेवन स्जाबो*** को पहली बार **सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मिला**, जिसे इस वर्ष से सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है। अभिनेत्री और सांसद ***सुश्री हेमा मालिनी*** और प्रसिद्ध गीतकार और सीबीएफसी अध्यक्ष, ***श्री प्रसून जोशी*** को **इंडियन फिल्म पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर अवार्ड 2021 मिला**। महामत-सालेह हारून की *'लिंगुई, द सेक्रेड बॉन्ड्स'* ने **आईसीएफटी यूनेस्को गांधी पुरस्कार जीता**। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता श्रेणी में पांच श्रेणियों में पुरस्कार दिए गए। जापानी फिल्म *'रिंग वांडरिंग'* ने **गोल्डन पीकॉक** जीता। 52वें आईएफएफआई के समापन समारोह में घोषित छठे **ब्रिक्स फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में** दक्षिण अफ्रीकी फिल्म *'बराकत'* और रूसी फिल्म *'द सन अबोव मी नेवर सेट्स'* ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार प्राप्त किया। ***सेमखोर,*** भारतीय पैनोरमा खंड की उद्घाटन फिल्म और आईएफएफआई में प्रदर्शित होने *वाली* ***पहली डिमासा भाषा की फिल्म*** को **विशेष उल्लेख** प्राप्त हुआ।

1.3 ***आजादी के अमृत महोत्सव*** के आयोजन के लिए, आईएफएफआई ने आईएफएफआई में जेननेक्स्ट सिनेमा के प्रतिनिधियों के रूप में देश भर के 75 युवा महत्वाकांक्षी फिल्म निर्माताओं (35 वर्ष से कम) को पहली बार **75 नवोदित 'क्रिएटिव यंग माइंड्स ऑफ टुमॉरो'** को मान्यता दी और उन्हें सम्मानित किया। **'इंडिया@75'** के तहत देश भर से 18 चुनी गई फिल्मों का भी प्रदर्शन किया गया। ब्रिक्स देशों (अर्थात् ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के सिनेमाई रत्नों को पहली बार आईएफएफआई के साथ आयोजित **ब्रिक्स फिल्म फेस्टिवल** और **फोकस कंट्री सेक्शन** में दोनों के भाग के रूप में चित्रित किया गया था।

1.4 **नेटफ्लिक्स, अमेज़ॅन प्राइम, सोनीलिव और ज़ी5 जैसे ओटीटी प्लेयर्सों** ने पहली बार आईएफएफआई में विशेष मास्टरक्लास, सामग्री लॉन्च/पूर्वावलोकन, क्यूरेटेड फिल्म स्क्रीनिंग आदि के माध्यम से भाग लिया। **नेटफ्लिक्स द्वारा 21.11.2011** को फिल्म ***'धमाका'*** की एक विशेष स्क्रीनिंग की गई जिसमें मुख्य अभिनेता *श्री कार्तिक आर्यन* का व्यक्तिगत रूप से परिचय शामिल है। अमेज़ॅन प्राइम वीडियो पर ***'फैमिली मैन'*** श्रृंखला के निदेशक के साथ अभिनेता *मनोज बाजपेयी* ने 22.11.2021 को हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित एक पारस्परिक संवाद सत्र में भाग लिया। मुख्य अभिनेत्री *सुश्री नुसरत भरुचा* ने अमेज़ॅन प्राइम वीडियो पर ***'छोरी'*** फिल्म के निर्देशक और निर्माताओं के साथ 25.11.2021 को 52वें आईएफएफआई में एक पारस्परिक संवाद सत्र में भाग लिया। नेटफ्लिक्स क्राइम थ्रिलर ***'अरण्यक'*** की मुख्य अभिनेत्री *सुश्री रवीना टंडन*, इसके निर्देशक और निर्माता के साथ, इसके प्रीमियर पर 26.11.2021 को 52वें आईएफएफआई में भाग लिया।

1.5 पीआईबी, डीडी न्यूज, एनएसडी:एआईआर और एनएमडब्ल्यू द्वारा सभी मीडिया प्लेटफॉर्मों पर उद्घाटन और समापन समारोह पर लाइव कवरेज और गोवा से लाइव रिपोर्टिंग की गई थी। विशेष साक्षात्कार और विशेष सत्रों के अलावा डीडी न्यूज पर 75 क्रिएटिव माइंड्स पर विशेष श्रृंखला **'आईएफएफआई के रंग सिनेमा के संग'** और **'वाई फैक्टर'** का विशेष एपिसोड प्रसारित किया गया। पणजी, गोवा स्थित आकाशवाणी के विशेष संवाददाता से **ग्राउंड रिपोर्ट** प्रसारित की

गई। एनएमडब्ल्यू ने **55 यूट्यूब वीडियो** और **5 लाइवस्ट्रीम,** के अलावा ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर **ग्राफिक्स, वीडियो, पोस्ट और मीम्स** के माध्यम से 52वें आईएफएफआई को व्यापक सोशल मीडिया प्रचार प्रदान किया।

2. **नोवेल कोरोनावायरस महामारी (कोविड-19) और कोविड-19 टीकाकरण अभियान के संबंध में सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय लोगों की भागीदारी के साथ जन आंदोलन जागरूकता पर बल देते हुए, कोविड-19 महामारी के दौरान संचार और जागरूकता पैदा करने में सबसे आगे रहा है।

2.1 दूरदर्शन (डीडी), आकाशवाणी (एआईआर) और न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने **व्यापक रूप** से कोविड-19 से जुड़ी निम्नलिखित प्रमुख घटनाओं को **कवर किया**:

(i) माननीय प्रधान मंत्री की समीक्षा बैठक और 03.11.2021 **को कम टीकाकरण कवरेज वाले 40 से अधिक जिलों के जिलाधिकारियों के** साथ बातचीत; तथा

(ii) 27.11.2021 को **कोविड-19 के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों और टीकाकरण संबंधी स्थिति की** समीक्षा के लिए माननीय प्रधान मंत्री की व्यापक बैठक।

2.2 लोक प्रसारक **प्रसार भारती** ने **डीडी न्यूज, समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी) आकाशवाणी** उनके क्षेत्रीय समाचार एककों (आरएनयूएस) के माध्यम से विशेष प्रोग्रामिंग की और इस मुहिम को तेज करने के लिए 03 से 30 नवंबर, 2021 तक कोविड टीकाकरण **'हर घर दस्तक'** का एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया है।

i) **'डॉक्टर्स स्पीक'**, **'आरोग्य भारत'** और **'टोटल हेल्थ'** कार्यक्रमों में कोविड-19 के सभी पहलुओं को शामिल किया गया। एनएसडी: एआईआर द्वारा ***'कोरोना+निपा जागरुकता' श्रृंखला*** में चिकित्सा संस्थानों के प्रमुखों और शीर्ष डॉक्टरों का साक्षात्कार, जिसमें अब तक 710+ एपिसोड प्रसारित किए जा चुके हैं।

ii) **विशेष कोविड-19 समग्र समाचार बुलेटिन; कोविड जन आंदोलन**

iii) एक्सपर्ट स्पीक/ इन्फोबाइट्स/ फेक न्यूज अलर्ट/ सकारात्मक कहानियां/ ऑडियो प्रोमोज/ वैज्ञानिक विकास

2.3 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) प्रतिदिन **कोविड-19 बुलेटिन** जारी करता है**, प्रेस वार्ता** आयोजित करता है और इसकी **कोविड-19 फेक्ट चेक यूनिट** गलत सूचनाओं पर नजर रखती है। पीआईबी और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **7096 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की हैं, **9 प्रेस कॉन्फ्रेंस** और आयुर्वेद, जनजातीय गौरव दिवस, आजादी का अमृत महोत्सव आदि के माध्यम से कोविड जागरूकता प्रतिरक्षा पर **27 वेबिनार** पर आयोजित किए।

2.4 लोक संपर्क और संचार ब्यूरो (बीओसी) के क्षेत्रीय / फील्ड आउटरीच ब्यूरो (आरओबी / एफओबी) ने **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के** माध्यम से कोविड उपयुक्त व्यवहार, 100 करोड़ कोविड टीकाकरण और कोविड टीकाकरण का महत्व विषयों पर **जागरूकता अभियान चलाया।**

2.5 एनएमडब्ल्यू द्वारा **हर घर दस्तक**, कोविड टीकाकरण अभियान, 100 करोड़ टीकाकरण अभियान, आदि को सोशल मीडिया पर व्यापक कवरेज प्रदान किया गया। नवंबर, 2021 में समर्पित ट्विटर हैंडल **@COVIDNewsByMIB** से 449 ट्वीटर पोस्ट किए गए जिसके **212 हजार फॉलोअर्स** हैं।

## 3. आजादी का अमृत महोत्सव: भारत की आजादी के 75 साल

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने **'जन भागीदारी और जन आंदोलन'** की समग्र भावना के तहत **आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम)** मनाने के लिए कई पहल कीं ।

3.1 **जनजातीय गौरव दिवस** के अवसर पर 15.11.2021 को माननीय प्रधान मंत्री की मध्य प्रदेश यात्रा के लिए डीडी न्यूज और एनएसडी:आकाशवाणी द्वारा व्यापक कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान किया गया, जिसमें उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने में देश का नेतृत्व किया और जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण पहलों की शुरुआत की। रांची **में भगवान बिरसा मुंडा उद्यान सह स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय** का **उद्घाटन** और अमृत महोत्सव और 'सबका प्रयास' की गूंज पर ***मन की बात*** के माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री के अभिभाषण को दूरदर्शन और आकाशवाणी के पूरे नेटवर्क पर कवर किया गया था। माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री द्वारा 15.11.2021 को संसद परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को पुष्प अर्पित करने को व्यापक रूप से कवर किया गया था।

3.2 डीडी न्यूज पर विशेष चर्चा आधारित कार्यक्रम की एक श्रृंखला **'जनजातियों की गौरवगाथा'**, **'जनजातीय गौरव दिवस'** और माननीय जनजातीय मामलों के मंत्री के विशेष साक्षात्कार प्रसारित किया गया। डीडी न्यूज ने **4.5 मिनट की एक फिल्म** भी **तैयार की** जो **'जनजातीय गौरव दिवस महासम्मेलन' के** दौरान **चलाई गई**। एनएमडब्ल्यू ने **ग्राफिक्स, वीडियो, पोस्ट** और यूटयूब **वीडियो के** माध्यम से व्यापक सोशल मीडिया कवरेज/ प्रचार प्रदान किया। फिल्म प्रभाग ने 15.11.2021 को अपनी वेबसाइट और यूट्यूब (**1651** व्यूअरशिप) पर **भारत की विभिन्न जनजातियों पर** छह **फिल्मों** की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। बीओसी ने इस विषय पर **09 एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी)** और **08 वेबिनार** आयोजित किए और पूरे भारत के प्रमुख समाचार पत्रों में एक पूरे पृष्ठ पर प्रिंट रंगीन विज्ञापन जारी किया।

3.3 आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए, आकाशवाणी (एआईआर) ने एक नया अभिनव कार्यक्रम **#एआईआर नेक्स्ट** लॉन्च किया है, जिसमें यह अगले 52 सप्ताह के दौरान पूरे भारत में 167 आकाशवाणी स्टेशनों के माध्यम से 1000 शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 20,000 युवाओं की आवाज उठाएगा। दिनांक 28.11.2021 से शुरू इस अभूतपूर्व कदम में, आकाशवाणी ने स्थानीय कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के युवाओं के लिए अपने स्टूडियो खोले हैं, जिससे वे युवा-केंद्रित शो आयोजित कर सकते हैं और स्वतंत्रता के विगत 75 वर्षों के दौरान देश की उपलब्धियों के बारे में बोलने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित कर सकते हैं।

3.4 फिल्म प्रभाग ने 28 से 30 नवंबर, 2021 तक **"पूर्वोत्तर के रंग" फिल्म महोत्सव** का आयोजन अपनी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर किया जिसमें उनकी समृद्ध संस्कृति, विरासत और पूर्वोत्तर भारत क्षेत्र से उल्लेखनीय जनजातीय नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का प्रदर्शन (**4779** व्यूअरशिप) किया गया। फिल्म प्रभाग ने दिनांक 17.11.2021 को लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि पर **'लाला लाजपत राय'** और दिनांक 19.11.2021 को महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर **'महारानी लक्ष्मीबाई'** नामक बायोपिक की स्क्रीनिंग का भी आयोजन किया। 16, 17, 18 और 23 नवंबर, 2021 को बाल चित्र समिति, भारत (सीएफएसआई) ने भारत भर के गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से **देशभक्ति फिल्मों के 38 शो** (**1000** व्यूअरशिप) का आयोजन किया।

3.5 आजादी का अमृत महोत्सव हिस्से के रूप में, प्रकाशन विभाग (डीपीडी) ने 3 से 13 नवंबर, 2021 तक **एक्सपो सेंटर शारजाह, संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित मेगा बुक फेयर** में अपने प्रकाशनों को प्रदर्शित किया। वाणिज्य दूत (प्रेस, सूचना, संस्कृति और श्रम) श्रीमती तदु मामू के साथ दुबई में भारत के महावाणिज्य दूत, डॉ. अमन पुरी ने 03.11.2021 को 40वें शारजाह अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेले (एसआईबीएफ 2021) में डीपीडी के स्टाल का उद्घाटन किया। डीपीडी ने पाठकों और पुस्तक प्रेमी लोगों के लिए **भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता सेनानियों पर इतिहास की 150 से अधिक पुस्तकों** की पेशकश की।

3.6 आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में बीओसी के आरओबी/एफओबी ने **41 आईसीओपी** और **07 वेबिनार का** आयोजन किया। आरओबी/एफओबी ने भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग, रंगोली, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, संगोष्ठी आदि का भी आयोजन किया।

4. **संविधान दिवस 2021 का समारोह (26.11.2021)**

4.1 डीडी न्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी ने **संसद के सेंट्रल हॉल में मुख्य कार्यक्रम** और विज्ञान भवन में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम को लाइव और व्यापक कवरेज प्रदान किया। भारत के माननीय राष्ट्रपति के साथ मुख्य सचिवालय के कर्मचारी/ अधिकारी/ प्राधिकारी और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की मीडिया यूनिटों/ संगठनों ने **प्रस्तावना को ऑनलाइन पढ़ा।**

4.2 **'न्यूज नाइट'**, **'इस वक्त'** और अन्य प्राइम टाइम शो/ बुलेटिन में संविधान दिवस की गतिविधियों पर रिपोर्ट के अलावा विशेष कार्यक्रम **'भारत का सविधान'** और **'इन फोकस'** एवं **'डीडी दस्वावेज'** शो के विशेष एपिसोड का प्रसारण डीडी न्यूज द्वारा किया गया। 19 से 26 नवंबर, 2021 तक एनएसडी आकाशवाणी द्वारा सभी प्राइम टाईम बुलेटिनों में **'नो योर कंस्टीट्यूशन'** शीर्षक से एक विशेष श्रृंखला के तहत थीम आधारित रिपोर्टें / कैप्सूल प्रसारित किये गए।

4.3 26.11.2021 को फिल्म प्रभाग ने अपनी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल (**825** व्यूअरशिप) पर **भारत के संविधान पर फिल्मों की स्क्रीनिंग का** आयोजन किया। सीएफएसआई ने बाल फिल्म 'बंधु बॉक्सर' के 26 शो की स्क्रीनिंग आयोजित की, जो विभिन्न गैर सरकारी संगठनों/ संगठनों (**656** व्यूअरशिप) के सहयोग से कई धरातलों पर शिक्षा और समानता के अधिकार पर जोर देती है।

4.4 एनएमडब्ल्यू द्वारा समर्पित हैशटैग **#ConstitutionDay** का उपयोग करके लगभग **4 वीडियो**, **21 ग्राफिक्स** और ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर **प्रत्येक के 25 पोस्ट** किए गए। बीओसी ने इस थीम पर **34 आईसीओपी** और **10 वेबिनार** भी आयोजित किए।

5. 17 से 18 नवंबर 2021 तक प्रसार भारती के साथ भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की साझेदारी में **सीआईआई बिग पिक्चर शिखर सम्मेलन के 10वें संस्करण का** वर्चुअल आयोजन किया गया। शिखर सम्मेलन में मीडिया और मनोरंजन उद्योग के पूरे स्पेक्ट्रम को कवर करने वाले कई सत्र हुए। शिखर सम्मेलन के दौरान यह भी कहा गया कि सरकार एवीजीसी के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही है।

6. बीओसी द्वारा **न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस) के** नवंबर 2021 के पाक्षिक संस्करण **'यूफोरिया ऑफ फेस्टीवल - वोकल फॉर लोकल'** और **'महिला शक्ति को उजागर करने'** के विषयों पर 13 भाषाओं में मुद्रित किए गए और देश भर में वितरित किए गए। माईगॉव इंडिया के ई-संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ईमेल के माध्यम से एनआईएस के ई-संस्करण 65.4 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजे गए।

7. डीडी न्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी ने 09.11.2021 को **पद्म पुरस्कार समारोह 2021** को लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान किया और 13.11.2021 को भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा **खेल और एडवेंचर पुरस्कार 2021** प्रदान किया गया; 05.11.2021 को **केदारनाथ** में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा विभिन्न **विकास परियोजनाओं का** शिलान्यास, 16.11.2021 को **पूर्वांचल एक्सप्रेसवे** का उद्घाटन और 25.11.2021 को उत्तर प्रदेश में **नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे** का उद्घाटन; 01.11.2021 **को ग्लासगो, यूके** में आयोजित सीओपी**26 शिखर सम्मेलन में** उनकी भागीदारी और 02.11.2021 को सीओपी26 के मौके पर अपने समकक्षों के साथ बैठकें; 04.11.2021 को भारतीय सशस्त्र बलों के **सैनिकों के साथ दिवाली मनाने के लिए जम्मू-कश्मीर में नौशेरा की** उनकी यात्रा; 18.11.2021 को **सिडनी डायलॉग** में उनका मुख्य संबोधन और 19.11.2021 को राष्ट्र के नाम उनका संबोधन जिसमें **तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने की** घोषणा की। **संसद के** शीतकालीन सत्र को कवर करने के लिए डीडी न्यूज द्वारा 28.11.2021 को समर्पित कर्टेन रेजर कार्यक्रम **'संसद के समक्ष मुद्दे'** और संसद बुलेटिन **'संसद समाचार'** और **'पार्लियामेंट न्यूज'** का प्रसारण किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए डीडी न्यूज ने समसामयिक विषयों और सप्ताह के दिनों में नए शो **'क्या बोले यूपी?'** का भी शुभारंभ किया।

8. 14.11.2021 को फिल्म प्रभाग और बाल चित्र समिति, भारत (सीएफएसआई) की **14 फिल्मों को बाल दिवस** पर अपनी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल (**3648** व्यूअरशिप**) पर दिखाया गया।** 10.11.2021 को **अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान दिवस** पर फिल्म प्रभाग की वेबसाइट और यूट्यूब चैनल (**2484** व्यूअरशिप) पर प्रख्यात भारतीय वैज्ञानिकों पर **10 फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।** 11.11.2021 को **राष्ट्रीय शिक्षा दिवस** पर, देश भर के विभिन्न गैर सरकारी संगठनों/संगठनों में बच्चों के लिए सीएफएसआई की फिल्म 'एक अजूबा' का प्रदर्शन किया गया।

9. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण पहल -**

- **गुणवत्ता सामग्री निर्माण में प्रसार भारती की उत्कृष्टता:** दूरदर्शन और आकाशवाणी द्वारा निर्मित टीवी और रेडियो शो को मलेशिया के कुआलालामपुर में हाल ही में आयोजित **एबीयू-यूनेस्को पीस मीडिया अवार्ड्स 2021** में कई पुरस्कार मिले । दूरदर्शन के कार्यक्रम 'डीईएफ़िनिटली लीडिंग द वे' ने 'लिविंग वेल विद सुपर डायवर्सिटी' श्रेणी के तहत एक पुरस्कार जीता, जबकि ऑल इंडिया रेडियो के कार्यक्रम 'लिविंग ऑन द एज - द कोस्टल लाइफ' ने 'एथिकल एंड सस्टेनेबल रिलेशनशिप विद नेचर' श्रेणी में एक और पुरस्कार जीता।

- **हिंदी सिनेमा के स्वर्ण युग के** एक **बड़े अधिग्रहण में** , भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (एनएफएआई) ने अपने संग्रह **में 31 फीचर फिल्मों** को शामिल किया है, जिसमें 1940 और 1950 के दशक की **8 दुर्लभ हिंदी फिल्में शामिल हैं।**

- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस माह के दौरान 02 समाचार और समसामयिक मामलों के टीवी चैनलों के संबंध में अनुमति जारी की है और 02 समाचार और 03 गैर-समाचार और समसामयिक मामलों के टीवी चैनलों की अनुमति रद्द कर दी। **30.11.2021 तक** भारत में अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए निजी उपग्रह टीवी चैनलों की कुल संख्या **906** है।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):**
    - **11 सरकारी** और **21 निजी** संगठनों **को आशय पत्र (एलओआई)** जारी किया गया।
    - मंत्रालय ने इस माह के दौरान **सात (07) अनुमति प्रदान करार (जीओपीए) पर हस्ताक्षर किए** और **दस (10) जीओपीए का नवीनीकरण किया।**
    - "भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन का समर्थन" नामक स्कीम के तहत ऑनलाइन माध्यम से **पांच (05) जागरूकता/क्षमता निर्माण कार्यशालाएं** आयोजित की गई।

- **भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक (आरएनआई):** इस माह के दौरान **321** शीर्षक सत्यापन पत्र और **79** पंजीकरण प्रमाण पत्र (नए और संशोधित) जारी किए गए। उन समाचार पत्रों/पत्रिकाओं की पहचान करने के लिए एक पहल की गई, जिन्होंने लगातार पिछले 5 वित्तीय वर्षों से अपना वार्षिक विवरण दर्ज नहीं किया था, जिसमें संबंधित जिलों से इसे सत्यापित करने का अनुरोध किया गया, और ऐसा नहीं होने पर पीआरबी अधिनियम, 1867 की धारा 8 के तहत ऐसे प्रकाशनों को रद्द करने का अनुरोध किया गया।

- **एमआईबी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म:** 02.12.2021 तक आधिकारिक एमआईबी अंग्रेजी ट्विटर हैंडल **@MIB_India** में **1.36 मिलियन फॉलोअर्स**, एमआईबी हिंदी ट्विटर हैंडल **@MIB_Hindi** के **78.7 हजार फॉलोअर्स**, फेसबुक पेज के **1.37 मिलियन फॉलोअर्स**, यूट्यूब के **185 हजार सब्सक्राइबर**, इंस्टाग्राम के **232 हजार फॉलोअर्स** और एमआईबी के **पब्लिक ऐप** के **91.6 हजार फॉलोअर्स** हैं।

(विक्रम सहाय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष # 23073775